भारत सरकार
श्रम और रोजगार मंत्रालय
राज्य सभा
तारांकित प्रश्न संख्या- *248
गुरूवार, 23 मार्च, 2023/2 चैत्र, 1945 (शक)

सार्वजनिक और निजी क्षेत्रों द्वारा प्रदान किया गया रोजगार

***248. श्री राम नाथ ठाकुरः**

क्या **श्रम और रोजगार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) देश में 18 से 40 वर्ष की आयु के बीच के बेरोजगार युवाओं की संख्या का राज्य-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) वर्ष 2020, 2021 और 2022 के दौरान अब तक सार्वजनिक और निजी क्षेत्र द्वारा प्रदान किए गए पूर्णकालिक रोजगार का वर्ष-वार ब्यौरा क्या है;

(ग) सार्वजनिक और निजी क्षेत्र में वर्ष 2020, 2021 और 2022 के दौरान ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में प्रदान किए गए रोजगार का वर्ष-वार ब्यौरा क्या है और इनकी सूचना का स्रोत क्या है; और

(घ) वर्तमान समय में देश में बेरोजगारी दर क्या है और गत तीन वर्षों में बढ़ी बेरोजगारी दर का वर्ष-वार ब्यौरा क्या है?

उत्तर
श्रम और रोजगार मंत्री
(श्री भूपेन्द्र यादव)

(क) से (घ): एक विवरण सदन के पटल पर रखा गया है।

**

“सार्वजनिक और निजी क्षेत्रों द्वारा प्रदान किया गया रोजगार” के संबंध में श्री राम नाथ ठाकुर द्वारा पूछे गए राज्य सभा के दिनांक 23-03-2023 के तारांकित प्रश्न संख्या *248 के भाग (क) से (घ) के उत्तर में संदर्भित विवरण

(क) से (घ): सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय (एमओएसपीआई) द्वारा वर्ष 2017-18 से करवाए जा रहे आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण (पीएलएफएस) से रोजगार और बेरोजगारी के आंकड़े संग्रह किए जाते हैं। सर्वेक्षण की अवधि, जुलाई से अगले वर्ष जून तक होती है। नवीनतम उपलब्ध वार्षिक पीएलएफएस रिपोर्टों के अनुसार, वर्ष 2019-20 से वर्ष 2021-22 के दौरान सामान्य स्थिति पर आयु समूह-वार अनुमानित बेरोजगारी दर (यूआर) इस प्रकार थी:

बेरोजगारी दर (% में)		
वर्ष	**15-59 वर्ष**	**15 वर्ष और उससे अधिक**
2019-20	5.2	4.8
2020-21	4.6	4.2
2021-22	4.4	4.1

स्रोत: पीएलएफएस, एमओएसपीआई

उपरोक्त तालिका में आंकड़ें यह दर्शाते है कि देश में बेरोजगारी दर में गिरावट की प्रवृत्ति है। वर्ष 2019-20 से वर्ष 2021-22 के दौरान सामान्य स्थिति आधार पर विभिन्न आयु समूहों की राज्य/केंद्र शासित प्रदेशों-वार अनुमानित बेरोजगारी दर (यूआर) **अनुबंध** में है।

नवीनतम उपलब्ध वार्षिक पीएलएफएस रिपोर्ट के आंकड़ों के अनुसार, वर्ष 2019-20 से वर्ष 2021-22 के दौरान सामान्य स्थिति आधार पर 15 वर्ष और उससे अधिक आयु के व्यक्तियों की सार्वजनिक और निजी क्षेत्र सहित अनुमानित कामगार जनसंख्या अनुपात (डब्ल्यूपीआर) जो रोजगार का एक संकेतक है, इस प्रकार था:

कामगार जनसंख्या अनुपात (% में)			
वर्ष	**ग्रामीण**	**शहरी**	**योग**
2019-20	53.3	45.8	50.9
2020-21	55.5	45.8	52.6
2021-22	55.6	46.6	52.9

स्रोत: पीएलएफएस, एमओएसपीआई

उपरोक्त आंकड़ें दर्शाते हैं कि ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में रोजगार की प्रवृत्ति बढ़ रही है।

*****

अनुबंध

राज्य सभा के दिनांक 23.03.2023 के तारांकित प्रश्न संख्या *248 के भाग (क) से (घ) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध

वर्ष 2019-20 से वर्ष 2021-22 के दौरान राज्य/केंद्र शासित राज्य-वार अनुमानित बेरोजगारी दर (यूआर) (% में)

क्र.सं.	राज्य/केंद्र शासित राज्य	2019-20		2020-21		2021-22	
		15-59 वर्ष	15 वर्ष और उससे अधिक	15-59 वर्ष	15 वर्ष और उससे अधिक	15-59 वर्ष	15 वर्ष और उससे अधिक
1	आंध्र प्रदेश	5.1	4.7	4.4	4.1	4.6	4.2
2	अरुणाचल प्रदेश	7.0	6.7	6.0	5.7	8.1	7.7
3	असम	8.3	7.9	4.3	4.1	4.1	3.9
4	बिहार	5.7	5.1	5.1	4.6	6.5	5.9
5	छत्तीसगढ	3.5	3.3	2.7	2.5	2.6	2.4
6	दिल्ली	9.0	8.6	6.4	6.3	5.4	5.3
7	गोवा	8.5	8.1	11.1	10.5	12.4	12.0
8	गुजरात	2.2	2.0	2.3	2.2	2.1	2.0
9	हरियाणा	6.7	6.4	6.6	6.3	9.3	9.0
10	हिमाचल प्रदेश	4.2	3.7	3.8	3.3	4.6	4.0
11	झारखंड	4.6	4.2	3.4	3.1	2.2	2.0
12	कर्नाटक	4.6	4.2	2.9	2.7	3.4	3.2
13	केरल	11.6	10.0	11.6	10.1	11.2	9.6
14	मध्य प्रदेश	3.2	3.0	2.1	1.9	2.2	2.1
15	महाराष्ट्र	3.5	3.2	4.1	3.7	3.8	3.5
16	मणिपुर	10.1	9.5	5.9	5.6	9.6	9.0
17	मेघालय	2.8	2.7	1.8	1.7	2.7	2.6
18	मिजोरम	6.0	5.7	3.8	3.5	5.7	5.4
19	नागालैंड	27.8	25.7	20.8	19.2	9.7	9.1
20	ओडिशा	6.7	6.2	5.9	5.3	6.5	6.0
21	पंजाब	7.8	7.3	6.7	6.2	7.0	6.4
22	राजस्थान	5.0	4.5	5.2	4.7	5.1	4.7
23	सिक्किम	2.4	2.2	1.2	1.1	1.7	1.6
24	तमिलनाडु	5.9	5.3	5.8	5.2	5.3	4.8
25	तेलंगाना	7.5	7.0	5.1	4.9	4.5	4.2
26	त्रिपुरा	3.5	3.2	3.6	3.2	3.2	3.0
27	उत्तराखंड	7.7	7.1	7.5	6.9	8.4	7.8
28	उत्तर प्रदेश	4.8	4.4	4.6	4.2	3.2	2.9
29	पश्चिम बंगाल	5.0	4.6	3.8	3.5	3.8	3.4
30	अंडमान और निकोबार द्वीप समूह	13.0	12.6	9.6	9.1	8.0	7.8
31	चंडीगढ़	6.2	6.3	7.3	7.1	6.5	6.3
32	दादरा और नगर हवेली	3.1	3.0	4.3	4.2	5.4	5.2
33	दमन और दीव समूह	2.9	2.9				
34	जम्मू और कश्मीर	7.2	6.7	6.4	5.9	5.7	5.2
35	लद्दाख	0.1	0.1	3.0	2.9	3.8	3.3
36	लक्षद्वीप	14.0	13.7	13.6	13.4	17.4	17.2
37	पुडुचेरी	8.1	7.6	7.1	6.7	6.2	5.8
अखिल भारत		5.2	4.8	4.6	4.2	4.4	4.1

स्रोत: पीएलएफएस वार्षिक रिपोर्टें, एमओएसपीआई